अति महत्वपूर्ण / तत्काल / ई0मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र
की संस्थाएं ।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जून–2023 / 3560 लखनऊः दिनांकः 24-08-2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंकों की प्रविष्ट करने हेतु अन्तिम तिथि निर्धारित किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रांक संख्या प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जून–2023 / 3230 दिनांक 07 अगस्त, 2023 एवं प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जून–2023 / 3415 दिनांक 17 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त पत्र द्वारा सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स, अनुशासन, कैरी ओवर आदि अंको की प्रविष्ट करने हेतु प्रथम बार दिनांक 17 अगस्त, 2023 तक तथा अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 20 अगस्त, 2023 तक तिथि निर्धारित की गयी थी।

परिषद द्वारा बार–बार निर्देश दिये जाने के बाद भी कतिपय संस्थाओं द्वारा सैत्रिक अंक की पृविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर नहीं कराई गयी है। जो कि अत्यंत खेदजनक है एवं परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बर्ती जा रही है। आपको अवगत कराना है कि समय से परीक्षाफल घोषित किया जाना है।

उक्त के अनुक्रम में संस्थाओं द्वारा परिषद को प्रेषित ई0मेल0 पर अवगत कराया जा रहा है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराये गये छात्र / छात्राओं के सैत्रीक अंकों की पृविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर नहीं कराई जा सकी है एवं ऑनलाइन पोर्टल पर पृविष्टि कराये गये सैत्रीक अंकों का प्रिन्ट आउट पोर्टल बन्द होने के कारण नहीं लिया जा सका है। **अवगत कराना है कि छात्र हित के दृष्टिगत अन्तिम रूप से पोर्टल खोला जा रहा है। अतः सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यकम के छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स, अनुशासन, कैरी ओवर आदि अंको की ऑनलाइन प्रविष्ट दिनांक 26 अगस्त, 2023 तक ऑनलाइन पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। परिषद विनियमावली "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा प्रदान किया जाना) (प्रथम संशोधन) विनियमावली, 2016 के विनियम 26 के स्तम्भ–2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम (4) के अन्तर्गत आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये एवं परिषद को प्रेषित किये गये सैत्रीक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन / संशोधन परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत किया**

जाना नियम विरूद्ध है तथा ऑफलाइन सैत्रीक अंक किसी भी दशा में परिषद द्वारा लिये नहीं जायेंगें।

यहाँ यह भी सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन सैत्रीक अंकों को पृविष्टि कराने के उपरांत लॉगिन पर उपलब्ध कराये गये प्रिन्ट बटन का प्रयोग करते हुए सैत्रीक अंकों का प्रिन्ट लिया जायेंगा, CTRL + P का प्रयोग किसी भी दशा में नहीं किया जायेंगा एवं हार्डाकापी को संस्था, प्रधानाचार्य/निदेशक द्वारा प्रमाणित करना भी सुनिश्चित करें तथा प्रमाणित हार्डकापी को एक ही पी0डी0एफ0 में स्कैन करते हुए केवल सॉफ्ट कापी ही परिषद की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com पर प्रेषित करना होगा तथा हार्डकापी संस्था स्तर पर सुरक्षित रखें, ताकि भविष्य में किसी भी विषम परिस्थिति में परिषद द्वारा संस्था से हार्डकापी उपलब्ध कराई जा सकें।

अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन अंको की पृविष्टि करने का कार्य दिनांक **26 अगस्त, 2023** तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी दशा में परिषद द्वारा तिथि विस्तारित नहीं की जायेंगी। उक्त सैत्रीक अंकों की प्रमाणित हार्डकापी को स्कैन करते हुए **केवल सॉफ्ट कापी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com पर दिनांक 28 अगस्त तक** प्रेषित करना सुनिश्चित करें । **इसमें किसी भी प्रकार का शिथिलता न बरती जायें। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।**

भवदीय,

24/08/23

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/ सैत्रिक अंक /जून–2023/3561-63 तद्दिनांक: 24-08-2023

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3 प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना भी सुनिश्चित करें।

24/08/23

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव